>

Title: Need to improve the services/network of BSNL in various parts in the country.

श्री गणेश सिंह : अध्यक्ष महोदया, मैं आपका ध्यान भारत सरकार के दूरसंचार मंत्रालय का ध्यान बी.एस.एन.एल के नेटवर्क में निरंतर आ रही गिरावट की ओर दिलाना चाहता हूं। यह कही है कि बी.एस.एन.एल ने अपना नेटवर्क देश भर में फैलाया है, लेकिन मोबाइल फोन जो सिग्नल के अभाव में लोगों के सिरदर्दी का कारण बना है, उस कमी को पूरा करने के लिए आज तक सार्थक प्रयास क्यों नहीं किया जा रहा है, जबकि निजी कंपनियों द्वारा मोबाइल सुविधाएं जो दी जा रही हैं, उनमें सिग्नल की कोई परेशानी नहीं होती । क्या बी.एस.एन.एल को जो उपकरण बी.टी.एस. केन्द्र में उपलब्ध कराये जा रहे हैं, उनकी गुणवत्ता में कमी है? जहां तक मुझे जानकारी है, उसके अनुसार दुनिया में उपकरण बनाने वाली एक ही कंपनी है, जो बी.एस.एन.एल. तथा निजी टेलीफोन कंपनियों को दिया जा रहा है, फिर क्या कारण है कि बी.एसए.एन.एल. की साख एवं सुविधा में दिनों-दिन गिरावट आ रही है। कहीं ऐसा तो नहीं है कि बी.एस.एन.एल. एक साजिश के तहत समूचे देश को निजी मोबाइल कंपनी से भारी भरकम राशि लेकर उन्हें सौंपना चाह रही है।

मैं भारत सरकार का ध्यान करोड़ों-करोड़ जनता के मन में उठे सवालों और उनकी पीड़ा की ओर दिलाना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदया : श्री राजेन्द्र अग्रवाल तथा

प्रो. रामशंकर कठेरिया जी भी माननीय गणेश सिंह जी के वक्तव्य से अपने को संबद्ध करते हैं।